देख आए गौरा तेरे दूल्हे को हाल

देख आए गौरा तेरे दूल्हे को हाल, तेरा दूल्हा कमाल....

काली-काली जटा लटक रही सर पे,
बीच में बह रही गंगा की धार, तेरा दूल्हा कमाल,
देख आए गौरा तेरे दूल्हे को हाल, तेरा दूल्हा कमाल....

तिलक नहीं याके माथे पर चंदा,
काले काले नाग गले में लहराए, तेरा दूल्हा कमाल,
देख आए गौरा तेरे दूल्हे को हाल, तेरा दूल्हा कमाल....

अंग भभूति तन बाघमबर,
डम डम डमरू बजावत आए, तेरा दूल्हा कमाल,
देख आए गौरा तेरे दूल्हे को हाल, तेरा दूल्हा कमाल....

भूत और प्रेत बरात में लायो,
सुल्फा गांजा चढ़ाबत आएं, तेरा दूल्हा कमाल,
देख आए गौरा तेरे दूल्हे को हाल, तेरा दूल्हा कमाल....

घोड़ा गाड़ी संग नहीं लायो,
नंदी पर बैठ मटकतो आए, तेरा दूल्हा कमाल,
देख आए गौरा तेरे दूल्हे को हाल, तेरा दूल्हा कमाल....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/28227/title/dekh-aaye-gaura-tere-dulhe-ka-haal

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |